प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

21.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री–वर्ल्ड समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय सदी के बारे में एन डी टी वी के विश्व सम्मेलन–2024 को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विकास यात्रा ने निश्चित रूप से विश्व का ध्यान आकर्षित किया है और युवा शक्ति देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री अपने संबोधन में भारत की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालेंगे। इस सम्मेलन में कई अन्य नेता भी अपने विचार रखेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के निकट ढली स्थित विशेष योग्यता वाले बच्चों के संस्थान का दौरा कर नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल भी मौजूद रहेंगे।

अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्लीं में शहरी भूमि दस्ता्वेज के सर्वेक्षण–पुनसर्वेक्षण में आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। इसका लक्ष्य शहरी भूमि दस्तावेज के आधुनिकीकरण, वर्तमान में उपयोग में लाई जा रही प्रौद्योगिकी से जुड़े समाधानों और चुने हुए शहरी क्षेत्रों में पायलट परियोजना बनाने की सुविधा प्रदान करने के लिए वैश्विक स्तर पर उपयोग में आने वाली सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का प्रदर्शन करना है। 2 दिवसीय इस कार्यशाला का उद्देश्य केन्द्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के राजस्व और शहरी विकास सचिवों अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं सहित इससे संबंधित हितधारकों को एक साथ लाना है।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक शिमला में कल 22 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता आयोजित किए जाएगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा होगी। वहीं बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भी मुहर लगेगी।

किन्नौर महोत्सव

राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव का आयोजन 30 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक रिकांगपिओ के मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि इस दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्र व शहनाई वादन प्रतियोगिता के अलावा पारंपरिक किन्नौरी महा नृत्य का आयोजन भी होगा।

उड़ान वर्षगांठ

क्षेत्रीय संपर्क योजना–उड़े देश का आम नागरिक – आर. सी. एस. उड़ान को शुरू हुए आज आठ वर्ष पूरे हो गये हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने 21 अक्टूबर 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया था। उड़ान योजना देश के ऐसे क्षेत्रों में यात्रा सुधार पर केंद्रित है जहां हवाई वायु यातायात संचालित नहीं हो रहा था। इसका लक्ष्य आम नागरिकों की आकांक्षाओं की पूर्ति करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके अंतर्गत 27 अप्रैल 2017 को पहली विमान सेवा का उदघाटन किया था।

वार्तालाप

पत्र सूचना ब्यूरो द्वारा 22 अक्तूबर को चम्बा में आपदा प्रबंधन विषय पर मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया जाएगा। चम्बा ज़िला प्रशासन के सहयोग से आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी मीडिया के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

कर्मचारी भविष्य निधि

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस वर्ष अगस्त में 9 लाख 30 हजार नये सदस्य पंजीकृत किए। इनमें 2 लाख 53 हजार महिलाएं हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने

कहा है कि संगठन ने इस वर्ष कुल मिलाकर 18 लाख 53 हजार सदस्यों का पंजीकरण किया है। मंत्रालय ने कहा है कि पिछले साल अगस्त की तुलना में इस वर्ष अगस्त में संगठन के सदस्यों की संख्या में नौ प्रतिशत वृद्धि हुई हैं।

## और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने लिखा है **छह भर्ती परीक्षाओं के नतीजे दिवाली से पहले होंगे घोषित, 12 के नवंबर में आएंगे। दैनिक जागरण, दैनिक सवेरा टाइम्स और हिमाचल दस्तक का लगभग एक जैसा शीर्षक है दिवाली से पहले निकलेंगे 6 पोस्ट कोड के रिजल्ट। दिव्य हिमाचल ने लिखा है नौकरियों का इंतजार खत्म।**

**पंजाब केसरी** ने लिखा है **अब पावर प्रोजैक्ट लगाने के पहले साल देनी होगी 12 फीसदी की रॉयल्टी।**

**40 हजार रूपए किलो बिकने वाली दुनिया की सबसे महंगी सब्जी गुच्छी अब पहाड़ों पर ही नहीं घरों में भी उगा सकेंगे दैनिक भास्कर** की एक खबर है।

जलवायु परिवर्तन से जुड़ी खबर को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **निचले हिमालयी क्षेत्रों से लुप्त होने लगीं पेड़ों की कई प्रजातियां।**

**एच पी टी डी सी की वित्तीय स्थिति सुधारने की कवायद शुरू, कमेटी करेगी इकाइयों का निरीक्षण पंजाब केसरी** की एक खबर है।

**आपका फैसला** के अनुसार **ट्रैकिंग पर गए विदेशी पर्यटक रास्ता भटके, मनाली पुलिस ने किए रेस्क्यू।**

**क्रिप्टो करंसी ठगी मामले की खबर को दिव्य हिमाचल ने शीर्षक दिया है 73 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट, एस आई टी ने रैकेट के आरोपियों की 35 करोड़ की संपत्ति की फ्रीज।**

मौसम की खबर को **हिमाचल दस्तक** ने शीर्षक दिया है **पहाड़ों पर बढ़ने लगी ठंड, मैदानों में तापमान सामान्य।**